**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**History of Hindi Literature**
**(Paper – IV)**
**{ 11th April 2016 }**

Q.P. Code : **27152**

(Revised Course)

(३ घंटे ) कुल अंक – १००

सूचनाः (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें ।
(३) आई.डी.ओ.एल. पत्राचार के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) अवश्य लिखें ।

१. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन एवं नामकरण पर प्रकाश डालिए । २०

**अथवा**

आदिकालीन रासो साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए ।

२. संत काव्य की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए । २०

**अथवा**

कृष्ण भक्ति काव्य की मुख्य प्रवृतियों की विवेचन कीजिए ।

३. रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । २०

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्य धारा की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए ।

४. प्रगतिवादी काव्य प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए । २०

**अथवा**

हिन्दी उपन्यास विधा का क्रमिक विकास चित्रित कीजिए ।

५. (क) किसी **एक** विषयपर टिप्पणी लिखिए :- १०
(१) भारतेन्दुयुगीन कविता
(२) जैन साहित्य

(ख) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०
(१) आदिकाल में खड़ी बोली को काव्य-भाषा बनानेवाले प्रथम कवि का नाम लिखिए ।
(२) भ्रमरगीत के रचनाकार का नाम लिखिए ।
(३) रीतिकाल के किस कवि ने वीररस प्रधान रचनाएँ की हैं ?
(४) रसवंत के रचनाकार का नाम लिखिए ।
(५) अंधेरनगरी नाटक के लेखक कौन हैं?

[TURN OVER

(६) 'परमाल रासो' के कवि का क्या नाम है?

(१) चन्दबरदाई (२) नरपति नाल्ह

(३) जगनिक (४) दलपत विजय

(७) नानक किस काव्य धारा के कवि हैं ?

(१) सूफी काव्य (२) राम काव्य

(३) संत काव्य (४) कृष्ण काव्य

(८) पद्माकर रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि है ?

(१) रीतिबद्ध (२) रीतिसिद्ध

(३) रीतिमुक्त (४) इनमें से कोई नही

(९) 'सरस्वती' के संपादक इनमें से कौन थे ?

(१) प्रताप नारायण मिश्र (२) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(३) हजारी प्रसाद द्विवेदी (४) हरिऔध

(१०) 'त्यागपत्र' उपन्यास के लेखक का नाम बताइये?

(१) यशपाल (२) अमृतलाल नागर

(३) जयशंकर प्रसाद (४) जैनेन्द्र कुमार

---

**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**Post Independent Hindi Literature**
**(Paper – V)**
**{ 12th April 2016 }**

QP Code : **27294**

[Revised Course ]

( 3 घन्टे) कुल अंक : १००

सूचना : (१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/ उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।
(३) आई.डी.ओ. एल पत्राचार के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल (पत्राचार) अवश्य लिखें।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। २७

(क) मन का घाव हरा रखने को
अनचाहा हंसना पडता है
दीपक की खातिर अंगारा
अधरों में कसना पड़ता है
अथवा
गरजता है अगर अम्बर लरजती है अगर धरती
मगर खाली नहीं बैठो इसी में देश की जय है
हज़ारो बिजलियाँ टूटें हज़ारों आंधियाँ आयें
कुदाली को रहो थामें तुम्हारा ही हिमालय है

(ख) आदर्श हमारी दृष्टि की मलिन संकीर्णता धोकर, उसे बिखरे यथार्थ के भीतर छिपे हुए सामंजस्य को देखने की शक्ति देता है, हमारी व्यष्टि में सीमित चेतना को मुक्ति के पंख देकर समष्टि तक पहुँचाने की दिशा देता है

**अथवा**

आज जिनके-पास शब्द हैं, उनके पास सत्य नहीं और जिनके पास अपने भीषण असहनीय अनुभवों का सत्य है शब्दों पर उनका कोई अधिकार नहीं।

(ग) उस अपराध की व्यथा में वह अनेक वर्ष जलता रहा इस पीड़ा ने उसे एक जीवन दर्शन दिया। जिस दर्शन का जन्म मनुष्य की पीड़ा से होता है वही सच्चा दर्शन होता है धर्मगुरु

**अथवा**

हर मूल प्रतिदर्श की यही नियति होती है। उसके आधार पर सहस्त्रों प्रतिमाएँ बनती हैं किंतु मूल प्रतदिर्श वहीं का वहीं रहा जाता है उसे कोई नहीं जानता

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ३६

(त) त्यागीजी ने गीतों को जग भर के दुखों की आत्मा क्यों कहा है?

अथवा

रामावतार त्यागी को पीड़ा का गायक कह सकते हैं– इस कथन की पठित कविताओं के आधार पर समीक्षा कीजिए।

(थ) सभ्यता के संकट को स्पष्ट करते हुए बतलाइए कि इस संकट से कैसे बचा जा सकता है?

अथवा

श्रद्धा ही मनुष्य को भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है – इस विचार को शुक्लाजी ने कैसे स्पष्ट किया है?

(द) 'खजुराहो का शिल्पी' में लेखक ने मनुष्य जीवन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए प्रेम के महत्त्व को कैसे प्रतिपादित किया है?

अथवा

कवि माधव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समझाइए कि शिल्पी ने किस तरह उसके रहस्य पर से परदा उठाया है?

३. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। १२

(य) त्यागीजी ने एक भी आँसू बेकार न करने का सन्देश क्यों और कैसे दिया है?

अथवा

(र) कुटज आपको क्या निमंत्रण दे रहा है?

अथवा

(ल) यशोवर्मन ने एक आदर्श पिता, राजा एवं भक्त का चरित्र कैसे निभाया है?

४. टिप्पणी लिखिए १५

(१) 'अपना अह्म नहीं बेचूँगा' कविता का आशय

अथवा

जिंदगी आरम्भ होती है कविता का उद्देश्य

(२) वैष्णव की फिसलन का व्यंग्य

अथवा

'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' रचना का संदेश

(३) पाखण्डी चंडवर्मा का चरित्र

अथवा

अलका के जीवन की त्रासदी

४. एक वाक्य में उत्तर लिखिए। १०

(१) त्यागीजी को बच्चनजी ने क्या नाम दिया है?
(२) नवयुग में त्यागीजी के किस खण्ड़ काव्य के अंश छपे थे?
(३) एम.ए करने से पूर्व त्यागीजी ने कौन सा कार्य किया था?
(४) वैष्णव किसका प्रतिनिधि है?
(५) श्रद्धा अवं प्रेम के योग से कौन सा भाव उत्पन्न होता है?
(६) अज्ञेयजी ने भारतीय सभ्यता को क्या नाम देने की बात कही है?
(७) यशोवर्मन के स्वप्न में कौन सी महिला आई थीं?
(८) राजा यशोवर्मन के वंश का नाम क्या था?
(९) माधव किस शिल्पी को महाराज के दरबार में ले आया?
(१०) शिल्पी अलका के प्रतिदर्श को क्यों नहीं तोड़ना चाहता है?

--------------

**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**Functional Hindi**
**(Paper – VI)**
**{ 13th April 2016 }**

**QP Code : 27378**

[Revised Course]

( 2 ½ ,3 घन्टे) कुल अंक : ८०/१००

सूचना : (१) नियमित विद्यार्थी पहले चार प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(२) आई.डी.ओ.एल (पत्राचार) के विद्यार्थी पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(३) पाँचवा प्रश्न केवल आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) के विद्यार्थियों के लिए है।
(४) आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल (पत्राचार)अवश्य लिखें।
(५) आवश्यक स्थानों पर काल्पनिक नाम और पते का प्रयोग करें।

१. सामान्य हिंदी और साहित्यिक हिंदी का परिचय दीजिए। २०

**अथवा**

पत्रकारिता की परिभाषा देकर उसकी विशेषताएँ लिखिए।

२. फिल्म तथा इंटरनेट में प्रयुक्त हिंदी की भूमिका पर प्रकाश डालिए। २०

**अथवा**

विज्ञापन का अर्थ देते हुए, उसके महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

३. अनुवाद की परिभाषा देते हुए अच्छे अनुवादक के गुणों को लिखिए। २०

**अथवा**

सूचना के अधिकार का परिचय दीजिए।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०

(अ) आप इंडियन एक्सप्रेस के प्रकाशन विभाग में प्रबंधक है। कार्यालय के कामकाज के समय में एक निश्चित तिथि से परिवर्तन किया जा रहा है। इसकी सूचना कर्मचारियों को देते हुए एक परिपत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

**अथवा**

आप 'जयकर ग्रंथालय' पूना के ग्रंथपाल है। गणेश प्रकाशन दिल्ली को भेजे गये पुस्तकों के क्रयादेश के संदर्भ में अनुस्मारक पत्र तैयार कीजिए।

(आ) आपके महाविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सर्वभाषा कवि सम्मेलन का विवरण समाचार पत्र के लिए तैयार कीजिए। १०

**अथवा**

[ TURN OVER ]

(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

Experience is the best teacher. Experience does not teach everything. It does not teach history, geography, chemistry. What it teaches is the art of living. No one can teach this subject as well as experience. Experience is a strict teacher and charges very high fees. We should learn much from other people's experiences but as a rule we prefer to learn from our own. You warn a child against playing with fire, but the child does not believe you till he burns his fingers.

५. समाचार पत्र और दूरदर्शन में प्रयुक्त हिंदी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

कम्प्यूटर का सामान्य परिचय देकर उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

---

**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**History of Hindi Literature**
**(Paper – IV)**
**{ 21st April 2016 }**

Q.P. Code : **27153**

(Revised Course)

(३ घंटे) कुल अंक – १००

सूचनाः (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें ।
(३) आई.डी.ओ.एल. पत्राचार के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) अवश्य लिखें ।

१. हिन्दी साहित्य के नामकरण एवं काल विभाजन के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए । २०

**अथवा**

रासो साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए ।

२. संत काव्य की मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए । २०

**अथवा**

कृष्णकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन करें ।

३. रीतिबद्ध काव्य की सामान्य विशेषताएँ चित्रित कीजिए । २०

**अथवा**

रीतिसिद्ध काव्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें ।

४. छायावादी काव्य की सामान्य प्रवृतियों पर प्रकाश डालें । २०

**अथवा**

हिन्दी नाटक विधा की विकास यात्रा को लिखिए ।

५. (क) किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए :- १०
(१) सिद्ध साहित्य
(२) प्रयोगवादी कविता

(ख) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- १०
(१) हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना गया है?
(२) दादू भक्तिकाल की किस धारा के कवि है ?
(३) रीतिसिद्ध काव्यधारा के प्रमुख कवि कौन हैं ?
(४) 'साकेत' के रचनाकार का नाम लिखिए ?
(५) चिन्तामणि किसके निबंधों का संग्रह है ?

[TURN OVER

(६) हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास किसने लिखा है?

(१) मिश्र बंधु (२) राजकुमार शर्मा

(३) गणपति चन्द्र गुप्त (४) बच्चन सिंह

(७) इनमें से कौनसा कवि छायावादी है ?

(१) हरिवंशराय बच्चन (२) जयशंकर प्रसाद

(३) अज्ञेय (४) धूमिल

(८) 'पहाड़ पर लालटेन' किसका काव्यसंग्रह है?

(१) उदय प्रकाश (२) मंगलेश डबराल

(३) अरूण कमल (४) राजेश जोशी

(९) 'आषाढ का एक दिन' नाटक के नाटककार का नाम क्या है ?

(१) शंकर शेष (२) मोहन राकेश

(३) लक्ष्मीनारायण लाल (४) उदय शंकर भट्ट

(१०) हिन्दी का पहला आत्मकथा लेखक कौन है ?

(१) वियोगी हरि (२) उपेन्द्रनाथ अश्क

(३) बनारसी दास चतुर्वेदी (४) बनारसीदास जैन

---

**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**Post Independent Hindi Literature**
**(Paper – V)**
**{ 22nd April 2016 }**

QP Code : **27293**

[Revised Course ]

( 3 घन्टे) कुल अंक : १००

सूचना : (१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/ उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।
(३) आई.डी.ओ. एल पत्राचार के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल (पत्राचार) अवश्य लिखें।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। २७

(क) कुछ भी मुझे कहेगी दुनिया
लेकिन कायर नहीं कहेगी
मैं न रहूँगा यह तो सच है
पर मेरी आस्था रहेगी

अथवा

मैं रहूं प्यासा यही काफी नहीं है,
होंठ भी मेरे किरन से छील डालो,
फिर उदासी की गुफा में बन्द कर दो,
माफ़ कर दूंगा तुम्हें संसार वालों।

(ख) राम का मुकुट इतना भारी हो उठता है कि राम उस बोझ से कराह उठते हैं और इस वेदना के चीत्कार में सीता के माथे का सिंदूर और दमक उठता है, सीता का वर्चस्व और प्रखर हो उठता है।

**अथवा**

हम अपने शरीर को निश्चेष्ट छोड़कर हिमालय के शिखर से पाताल की गहराई तक सहज ही लुढ़कते चले आ सकते हैं, परंतु उस ऊँचाई के सहस्त्र अंशो में से एक तक पहुँचने में हमारे पाँव काँपने लगेंगे, साँस फूल उठेगी और आंखों के सामने अँधेरा छा-छा जायगा।

(ग) हाँ कवि, यह सच है कि तुम अलका से प्रेम करते हो, उस पर काव्य- रचना करते हो। ... तुम्हारी कविता में भी अलका उतनी ही है, जितनी मेरे शिल्प में।

**अथवा**

इस धर्मनगरी में सभी पंथों के मंदिर बनवाना चाहता हूँ।.... शिल्पी, एक ही अहाते में मैं सभी पंथों के मंदिर बनाकर यह दिखा देना चाहता हूँ कि पंतों और धर्मों में आपसी विरोध नहीं है।

[ TURN OVER ]

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ३६

(त) 'एक भी आँसू न कर बेकार' रचना का आशय अपने शब्दों में लिखिए

अथवा

पठित कविताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि त्यागीजी पीड़ा एवं वेदना के गायक हैं।

(थ) 'वैष्णव की फिसलन' निबंध का व्यंग्य क्या है? उचित उदाहरण देते हुए समझाइए

अथवा

'संवाद की मर्यादाएँ' रचना भारतीय राजनीति में बढ़ती हुई हिंसा, आतंक और अनैतिकता को कैसे सामने ला रही है?

(द) यशोवर्मन के चरित्र पर नाटक 'खजुराहो का शिल्पी' की रोशनी में प्रकाश डालिए।

अथवा

शिल्पी के जीवन की यात्रा को अपने शब्दों में चित्रित कीजिए।

३. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।

(य) 'सभाएं बन्द कर' कविता का आशय लिखिए। १२

अथवा

(र) यथार्थ एवं आदर्श के बीच महादेवीजी ने क्या अंतर बताए हैं?

अथवा

(ल) अलका का चरित्र चित्रण कीजिए

४. टिप्पणी लिखिए १५

(१) 'सागर से यह बात कहूँगा' कविता का आशय

अथवा

'मेरी थकन उतर जाती है' रचना में चित्रित मनुष्यता

(२) 'कुटज' निबंध का संदेश

अथवा

श्रद्धा एवं भक्ति में अंतर

(३) शिल्पकार चण्डवर्मा

अथवा

माधव की पीड़ा

[ TURN OVER ]

४. एक वाक्य में उत्तर लिखिए। १०

(१) त्यागीजी किस समाचार पत्र के संपादकीय विभाग में काम करते थे?

(२) त्यागीजी की पहली पत्नी से उत्पन्न बेटी का नाम लिखिए।

(३) कवि बाग़ी लहर के हाथ का क्या बनना चाहता है?

(४) त्यागीजी ने जग-भर के दुखों की आत्मा किसे कहा है?

(५) वैष्णव की फिसलन व्यंग्य रचना के लेखक कौन हैं?

(६) 'मेरे राम को भीजै मुकुटवा' गीत सुनकर लेखक को किस की याद आ गई?

(७) कौन सा एकमात्र प्राणी पहले से जानता है कि 'मैं करूँगा'?

(८) प्रतिमाओं के लिए प्रतिदर्श कौंन बना?

(९) पुष्पा कौन थी?

(१०) शिल्पी के अनुसार व्यथा किसी भी कलाकृति को क्या बना देती है?

--------------

**T .Y .B .A.**
**HINDI**
**Functional Hindi**
**(Paper – VI)**
**{ 25th April 2016 }**

**QP Code : 27377**

[Revised Course]

( 2 ½ ,3 घन्टे) कुल अंक : ८०/१००

सूचना : (१) नियमित विद्यार्थी पहले चार प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(२) आई.डी.ओ.एल (पत्राचार) के विद्यार्थी पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(३) पाँचवा प्रश्न केवल आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) के विद्यार्थियों के लिए है।
(४) आई.डी.ओ.एल. (पत्राचार) के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल (पत्राचार)अवश्य लिखें।
(५) आवश्यक स्थानों पर काल्पनिक नाम और पते का प्रयोग करें।

१. सामान्य हिंदी और प्रयोजनमूलक हिंदी का सामान्य परिचय देते हुए, उसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

पत्रकारिता का स्वरूप स्पष्ट करते हुए आर्थिक और साहित्यिक पत्रकारिता का सामान्य परिचय दीजिए।

२. रेडिओ और दूरदर्शन माध्यमों में प्रयुक्त हिंदी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

विज्ञापन का अर्थ देते हुए उसके महत्त्व का वर्णन कीजिए।

३. अनुवाद की परिभाषा देते हुए अनुवाद के भेदों को स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

सूचना के अधिकार की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०

(अ) महात्मा गांधी महाविद्यालय, राजीव गांधी रोड, दादर मुंबई में हिंदी अधिव्याख्याता का पद रिक्त है। स्वयं को उम्मीदवार (प्रत्याशी) मानते हुए आवेदन पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपने मोहल्ले में नियमित सफाई न होने की शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

(आ) आपके महाविद्याल में हिंदी दिवस समारोह मनाया गया, इस विषय पर समाचार लेखन तैयार कीजिए। १०

**अथवा**

(आ) निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

माणसांच्या नावामागे या ना त्या कारणासाठी कसली तरी उपाधी असते. कधी कोण ते ओळखू यावे म्हणून असते. कधी व्यावसायाची असते, कधी गौरवाची, आवाबेनच्या नावापुढे 'बेन' ही पदवी होती आणि नावामागे 'आमची' ही पदवी तिने आपल्या अत्यंत लोभस व्यक्तिमत्वामुळे मिळविली होती. आवाबेन पार्ल्याची तिचे माहेरचे आडनाव हवेवाला. पार्ल्याचे पूर्व आणि पश्चिम असे आगगाडीच्या रुळांनी केलेले दोन विभाग आहेत. पश्चिम विभाग मुख्यतः गुजराती भाषिक आणि पूर्व विभाग मराठी भाषेच्या भिन्नत्वामुळे, साहजिकच दोन निरनिराळे सांस्कृतिक गट तयार झाले होते. रुळाच्या पूर्व बाजूला गणेशोत्सव संस्कृति आणि पश्चिमेला नवरात्रोत्सव. तसा काही उघड भांडणतंटा नव्हता. दोन्ही बाजूंची माणसे आप-आपल्या मैदानात राहून नाना तऱ्हेचे सांस्कृतिक आणि सामाजिक खेळ खेळणारी एकाच लोकालमधून पोटासाठी चर्चगेटच्या दिशेला जाणारी पण एका गाडीतला रोजचा प्रवास असूनही एकत्र न येणारी झवेरचंद मेघाणी सारखा लोकोत्तर लोककवि या बाजूला याची पूर्व पार्ल्याला दाद नव्हती आणि न.२ फाटकांसारखा एक प्रखर पंडित पश्चिमेला ठाऊक नव्हता. मोठ्या शहरात अशी पुष्कळ बेटे असतात.

५. कम्प्यूटर का सामान्य परिचय देकर उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

समाचार पत्र और फिल्म माध्यमों में प्रयुक्त हिंदी के स्वरूप की चर्चा कीजिए।

--------------